प्रेस विज्ञप्ति

होम क्रेडिट इंडिया के ग्राहकों की संख्या 50 लाख के पार

–अकेले 2017 में 40 लाख ग्राहक बनाए

गुरुग्राम / नई दिल्ली, 4 जनवरी, 2018: भारत की सबसे तेज़ी से बढ़ रही गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने भारत अपने परिचालन के महज़ पांच वर्षों में 50 लाख ग्राहक बनाने का एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

कंपनी ने पहला ऋण आबंटित कर वर्ष 2012 में भारत में अपना परिचालन शुरू किया। वर्ष 2016 में होम क्रेडिट ने सभी प्रमुख बाज़ारों में कारोबार का विस्तार कर 10 लाख ग्राहकों का आंकड़ा पार किया और विविध एवं अनूठे उत्पादों की रेंज के बल पर ग्राहकों को शानदार अनुभव प्रदान किया। पिछले वर्ष इस कंपनी ने अन्य 40 लाख ग्राहक जोड़े और एक अग्रणी उपभोक्ता वित्त प्रदाता के तौर पर अपनी स्थिति और मजबूत की।

होम क्रेडिट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री पैवेल मैको ने कहा, "सभी के लिए आसान, पारदर्शी और सुलभ वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे ऊपर भरोसा करने और नयी पहल करने में हमारा सहयोग करने के लिए हम हमारे मूल्यवान ग्राहकों के भी आभारी हैं।"

जहां होम क्रेडिट पिछले पांच वर्षों में अपने ग्राहकों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में समर्थ रही है, वहीं इसका नेटवर्क भी तेज़ी से बढ़ा है। वर्ष 2012 में जहां इसके कुछ ही प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) थे, इस कंपनी के देशभर में 20 राज्यों में 90 से अधिक शहरों में इस समय 20,000 से अधिक ग्राहक संपर्क बिंदु हैं। पिछले कुछ वर्षों में होम क्रेडिट इंडिया अपने उत्पादों और सेवाओं को बड़ी तादाद में ग्राहकों तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ बड़े शहरों, टियर–1 और टियर–2 शहरों में परिचालन शुरू करने में समर्थ रही है।

पिछले वर्ष, कंपनी ने **मिनी कैश लोन** नाम से अपनी तरह का संपूर्ण ऑनलाइन वित्तीय समाधान पेश किया। इस उत्पाद को पेश करने के पीछे का मकसद कम से कम कागजी कार्रवाई के साथ एवं अधिक सुविधा जनक तरीके से ग्राहकों को त्वरित ऋण उपलब्ध कराना था। यह ऋण पात्र आवेदकों को 10,000 रुपये तक की राशि उधार लेने की सहूलियत प्रदान करता है। ग्राहक कहीं भी और कभी भी अपने ऋण और पुनर्भुगतान का विवरण जान सकें, इसके लिए होम

क्रेडिट इंडिया ने अप्रैल में अपना मोबाइल ऐप भी लांच किया। इस ऐप को पहले ही 70,000 से अधिक मोबाइल पर डाउनलोड किया जा चुका है।

सितंबर में, होम क्रेडिट इंडिया ने अपनी नयी ब्रांड पहचान और लोगो पेश किया जिसकी टैगलाइन है 'Now You Can'। इस ताज़ातरीन ब्रांडिंग से होम क्रेडिट इंडिया एक **ऐसी वैश्विक फिनटेक कंपनी के रूप में सामने आई है जो आसान एवं निर्बाध वित्तीय समाधानों के जरिये दुनियाभर में खरीदारी का तरीका बदल रही है**। अपने नए अवतार में होम क्रेडिट इंडिया ने उन्नत प्रौद्योगिकी, देशभर में पैठ एवं स्टोर व ऑनलाइन दोनों ही जगह उपस्थिति के जरिये ग्राहकों के लिए सबसे अधिक मायने रखने वाली चीज़ों को किफायती बनाने का लक्ष्य रखा है।

<u>होम क्रेडिट इंडिया के बारे में:</u>

होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड एक अग्रणी उपभोक्ता ऋण प्रदाता है जोकि सभी तक ऋण का प्रवाह बढ़ाने और आसान, पारदर्शी व सुविधाजनक तरीके से वित्तीय समाधान की पेशकश के जरिए वित्तीय समावेश के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की अग्रणी गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक होम क्रेडिट इंडिया का परिचालन देश में 20 राज्यों में 99 शहरों में है। इस कंपनी के पास 20,000 से अधिक प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) का एक मजबूत नेटवर्क है जहां से इसने आज की तिथि तक 50 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दी हैं। आज की तिथि में इस कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 19,000 से अधिक है। होम क्रेडिट इंडिया को नियोक्ता उत्कृष्टता के लिए एओन हेविट द्वारा 2017 के लिए रिजनल एओन बेस्ट एंप्लायर के खिताब से सम्मानित किया गया है।

<u>होम क्रेडिट ग्रुप के बारे में:</u>

होम क्रेडिट इंडिया, होम क्रेडिट बी.वी. (एचसीबीवी) का हिस्सा है जो यूरोप और एशिया के उन 10 देशों में उपभोक्ता ऋण उपलब्ध कराने के कारोबार में लगी है जहां विकास की अत्यधिक संभावनाएं हैं। वर्ष 1997 में स्थापित कंपनी प्राथमिक रूप से उन लोगों को ऋण उपलब्ध कराने पर ध्यान देती है जिनके ऋण का मामूली या न के बराबर इतिहास है। हमारी सेवाएं आसान और तेज़ हैं। हम ऐसे अत्यधिक आकर्षक बाज़ारों में परिचालन करते हैं जहां प्रवेश को लेकर बड़ी बाधाएं हैं। हम चुनिंदा देशों में एक अग्रणी उपभोक्ता ऋण प्रदाता हैं। विभिन्न बाज़ारों में हमारे अनुभव और ज्ञान की बदौलत ही हम हमारे प्रतिद्वंद्वियों से आगे बने हुए हैं। हम एक सकारात्मक और सुरक्षित उधारी का अनुभव उपलब्ध कराके बैंकिंग सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में वित्तीय समावेश का अभियान चलाते हैं और इसका दायरा बढ़ाते हैं जहां हमारे कई ग्राहक पहली बार ऋण लेने वाले ग्राहक होते हैं। हम उच्च जीवन स्तर को प्रोत्साहित करते हैं और उधारी लेने वाले व्यक्तियों की वित्तीय जरूरतें पूरी करते हैं। हमारे 1,55,000 कर्मचारियों ने करीब 4,00,000 प्वाइंट ऑफ सेल, ऋण कार्यालयों, शाखाओं और डाक घरों के विशाल वितरण नेटवर्क के जरिये अभी तक 9 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दी हैं।

होम क्रेडिट इंडिया के बारे में और जानकारी www.homecredit.co.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।
एचसीबीवी के बारे में और जानकारी www.homecredit.net वेबसाइट पर उपलब्ध है

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

अनिता शर्मा / मोनिकार्जुन दत्ता
09650788255 / 8377089589
anita@kommune.in / monik@kommune.in